Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Paswan Shri Ram Vilas

an>

Title: The Minister of Chemicals & Fertilizers and the Minister of Steel made a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 13th Report of the Standing Committee on Coal and Steel.

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री रामविलास पासवान) :अध्यक्ष महोदय, मैं, यह वक्तव्य, दिनांक 1 सितम्बर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन-भाग-दो के अनुसार माननीय लोक सभा अध्यक्ष के निदेश 73-ए के अनुसरण में कोयला एवं इस्पात से संबंधित स्थायी समिति की 13वीं रिपोर्ट (चौदहवीं लोक सभा) में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में दे रहा हूं।

13वीं रिपोर्ट 10वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों पर आधारित है। 10वीं रिपोर्ट के संबंध में की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट समिति को दिनांक 25.08.2005 को भेजी गई थी। 10वीं रिपोर्ट पर सरकार की की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट पर विचार करने के बाद कोयला एवं इस्पात से संबंधित स्थायी समिति ने 13वीं रिपोर्ट लोक सभा तथा राज्य सभा में दिनांक 22 दिसम्बर, 2005 को प्र ास्तुत की। 10वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में मैंने पिछले शीतकालीन सत्र, 2005 के दौरान संसद के दोनों सदनों में वक्तव्य दिया था।

समिति की 13वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों के संबंध में की गई कार्रवाई का विवरण कोयला एवं इस्पात से संबंधित स्थायी समिति को दिनांक 25 सितंबर, 2006 को भेजा गया था।

समिति द्वारा अपनी 13वीं रिपोर्ट में की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की मौजूदा स्थिति लोक सभा के पटल पर रखे गए मेरे वक्तव्य के अनुलग्नक में दर्शाई गई है। इस अनुलग्नक की संपूर्ण विाय वस्तु का वाचन करके मैं सदन का बहुमूल्य समय नहीं लेना चाहता हूं। मैं अनुरोध करता हूं कि इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए।

---

* Placed in Library. See No. LT 5620/2006